पीपुल & प्लेज़र
दैनिक भास्कर, इंदौर, शनिवार, 31 जनवरी, 2015

सायबर क्राइम से बचने के लिए जागरूक रहना जरूरी

प्रशिक्षण में आईजी कपूर ने महिलाओं को दी जानकारी

पीआरटीएस में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते आईजी कपूर।

भास्कर संवाददाता | इंदौर

कम्प्यूटर और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ ही सायबर क्राइम में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आधुनिक अपराधों के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस तरह होने वांले सायबर अपराधों से बचने का एकमात्र तरीका है जागरूकता।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने शुक्रवार को शिक्षिकाओं और गृहणियों से कही। पीआरटीएस में माय एफएम के साथ आयोजित कार्यशाला में उन्होंने बताया कि अपराधियों द्वारा कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर अपराधों को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कार्यालय, राज्य शासन या अर्द्धशासकीय कार्यालय सभी स्थानों पर इंटरनेट के माध्यम से काम हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में एक छोटी सी गलती से भी निजी या शासकीय नुकसान हो सकता है। इनसे बचने के लिए सायबर अपराधों के प्रति जागरूकता सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा हर क्षेत्र में काम करने वाले आधुनिक संचार साधनों का उपयोग करते हैं इसलिए उन्हें आईटी एक्ट की जानकारी भी होना चाहिए। आईजी ने महिलाओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। आईजी द्वारा दी गई जानकारी को कार्यशाला में मौजूद महिलाओं ने बहुत उपयोगी बताया।